पूर्व मध्य रेल, सोनपुर मंडल

“मरेप्र महोदय के साथ ई0सी0आर0के0यू0 की मंडल स्तरीय 33वीं स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक का कार्यवृत”

दिनांक–15.02.2023 *स्थान–मरेप्र. सभाकक्ष / सोनपुर*

सेक्रेट बैलेट चुनाव 2013 के बाद ईसीआरकेयू के साथ मंडल स्तर पर दिनांक 15.02.2023 को सम्पन्न तैतींसवां (33rd) स्थाई वार्ता तंत्र (पी0एन0एम0) की बैठक का कार्यवृत

उपस्थिति

प्रशासन पक्ष (सर्वश्री)			संघ पक्ष (सर्वश्री)		
1	नीलमणि	मरेप्र	1	शिव प्रसाद यादव	मंडल अध्यक्ष
2	एम0एम0 प्रसाद	अमरेप्र–।।	2	प्रियदर्शी राजीव	उपाध्यक्ष
3	योगेश कुमार	अमरेप्र–।	3	डी0के0 झा0	उपाध्यक्ष
4	दीपक राज राय	मकाधि (प्रभारी)	4	एस0सी0त्रिवेदी	मंडल मंत्री
5	डा0 रश्मि कांत	अमुचिधि / सोन	5	सत्येन्द्र कुमार सिंह	संयुक्त मंत्री
6	प्रदीप कुमार	वमइ / प्रथम	6	बबलु कुमार	संयुक्त मंत्री
7	अमित कुमार सिंह	वमविप्र	7	अजय कुमार सिंह	संगठन मंत्री
8	प्रसन्ना कात्यायन	वमवाप्र	8	आफताब आलम	संगठन मंत्री
9	अभिजात कुमार	वमविइं / टीआरओ	9	धर्मेन्द्र कुमार ठाकुर	शाखामंत्री / थानाबिहपुर
10	इम्तियाज आलम	वमपचाप्र	10	आशुतोष कुमार सिंह	शाखामंत्री / मुज0
11	राजेश कुमार	वमायाइं / समाडि	11	रामसुभग सिंह	शाखामंत्री / मुज0–2
12	सुदर्शन पाण्डेय	सीनियर सीडीओ / डेमू	12	विकाशचन्द्र पाल	शाखामंत्री / बरौनी ओडी
13	कुमार परमानंद	वमंसाप्र	13	मनोज कुमार गोस्वामी	शाखामंत्री / गढहरा
14	विक्रमा राम	वमंसक्षाधि	14	धीरेन्द्रमणि तिवारी	शाखामंत्री / बरौनी
15	पवन नाग	वमविइं / टीआरएस	15	शैलेन्द्र कुमार सिंह	शाखामंत्री / ओडी / सोन
16	अजय सिंह	मसिदूई	16	त्रिभुवन पासवान	शाखामंत्री / / हाजीपुर
17	शिवेन्द्र कुमार	मविइं / जी0एस0	17	जीवानन्द मिश्रा	शाखामंत्री / गढहरा
18	अजय कुमार	ससुआ	18	मृत्युंजय शर्मा	शाखामंत्री / मुज0
19	चन्द्र किशोर	सकाधि–।	19	उदय कुमार सिंह	शाधाध्यक्ष / सोनपुर
			20	शशि शंकर सिंह	शाधाध्यक्ष / सोनपुर
			21	रेवती कुमारी	उपाध्यक्ष / हाजीपुर

परिचर्चा बिन्दु :

मकाधि (प्रभारी) का संबोधन: स्थाई वार्ता तंत्र की 33वीं एवं इस वर्ष की प्रथम बैठक का शुभारम्भ करते हुए इस वार्ता तंत्र के सचिव–सह– मकाधि (प्रभारी) तथा यूनियन दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। साथ ही, कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) ने बैठक के अध्यक्ष एवं प्रशासन तथा यूनियन दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। साथ ही, प्रशासनिक कार्यों में यूनियन के सकरात्मक सहयोग रहने और औद्योगिक संबंध को मधुर बनाये रखने हेतु किए गए प्रयासों के लिए यूनियन का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में तत्पश्चात् श्री शिव प्रसाद यादव जी, मंडल अध्यक्ष से परिचर्चा बिन्दु पर अपने विचार व्यक्त करने हेतु आग्रह किया।

मंडल अध्यक्ष, श्री शिवप्रसाद यादवजी ईसीआरकेयू का संबोधन : बैठक में प्रशासन पक्ष के सभी अधिकारी तथा यूनियन पक्ष के सभी आगन्तुक प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। साथ ही, इन्होंने मंडलीय व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए मरेप्र महोदय तथा मकाधि (प्रभारी) महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्तमान व्यवस्था में कर्मचारियो को उनका देय लाभ कब मिलेगा, कब से प्रक्रिया की जानी है का अवलोकन वे आसानी से कर ले रहे है। इसी के साथ इन्ट्रोडक्टरी के माध्यम से कुछ मुद्दों को प्रशासन के संज्ञान में लाया गयाः

- कोचिंग डिपो,बरौनी में वाशिंग पिट से 6 नंबर ढाला तक 02–03 कैमरा लगाया जाये ताकि असमाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और कर्मचारी भय मुक्त होकर कार्य पर आ–जा सके।
- दो नंबर वाशिंग पिट में लोहे का टाई बार लगा है, जिससे पिट के अंदर कार्य करने में काफी असुविधा होती है। इसे अविलम्ब कटवाया जाये।
- बरौनी में समाडि विभाग के छत में सीपेज होने के कारण मरम्मती हेतु कार्यालय खाली करवाकर उसे टीएलसी कार्यालय में स्थानांरित किया गया है। यह कार्य विगत छः माह में भी पूर्ण नहीं हो पाया है। टीएलसी का कार्यालय छोटा होने के कारण वहां कर्मचारियों को कार्य करने में परेशानी होती है। समाडि विभाग के कार्यालय के मरम्मती कार्य को प्राथमिकता देते हुए अविलंब पूर्ण कराया जाए।
- विद्या कुमारी टेक–III,टी0आर0डी, बरौनी जो पारस्परिक स्थानांतरण पर आई है वे बरौनी में बिना कार्यालय आदेश के कार्य कर रही हैं। इस संबंध में मकाधि (प्रभारी) द्वारा सूचित किया गया कि वर्तमान में पारस्परिक स्थानांतरण पर पदस्थापना हेतु कर्मचारी जैसे ही योगदान देने ही उपस्थित होते हैं उनकी पदस्थापना उनके काउंटर पार्ट के स्थान पर कर दिया जाता है। साथ ही, विद्या कुमारी की पदास्थपना संबंधी कार्यालय आदेश की एक प्रति उपलब्ध कराई गई।
- टीआरडी विभाग के कर्मचारियों के पदोन्नति हेतु टेक–III से टेक–II का ट्रेड टेस्ट अविलम्ब करवाया जाये।
- चन्द्र भूषण सिंह एवं नंद किशोर झा कार्यरत समाडि विभाग की सेवानिवृत्ति के छः माह के बाद भी उनको देय अंतिम वेतन का भुगतान नहीं हुआ है।
- प्राण मोहन ,टेक–I, समाडि की आंखो की रोशनी खत्म हो गई है। इस संबंध में एम्स से भी रिपोर्ट प्राप्त है। इसके बावजूद भी उनके चिकित्सीय जांच संबंधी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई है, और कर्मचारी को वेतन नहीं मिलने से काफी परेशान है। इनका चिकित्सीय निष्कर्ष अविलम्ब कराया जाये।
- निशिकांत चौधरी, सीसेई, लोको शेड गढ़हरा के वरीयता सूची का समाधान निकाला जाए।
- टीआरडी/बरौनी के कर्मचारियों को ओ0टी0/टी0ए0 काफी महीनों से लंबित है।

- इंजीनियरिंग विभाग में मढ़कसा पीडब्लूआई के यहां भाई, 22 से टीएडीके लंबित है।
- टीआरडी/ सनैनी डिपो में दो महिला कर्मचारी कार्य करती है। उनके लिए वेटिंग रूम का व्यवस्था नहीं है। वहां पर टीआरडी का कंट्रोल रूम जिसका दो रूम खाली हो गया है। उस खाली रूम में से एक रूम को वेटिंग रूम में कन्वर्ट कराया जाये।

श्री एस० सी० त्रिवेदी, मंडल मंत्री, ईसीआरकेयू का संबोधन: बैठक में प्रशासन पक्ष के सभी अधिकारी तथा यूनियन पक्ष के सभी आमंत्रित प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के परिदृश्य में यूनियन एवं प्रशासन का औद्योगिक संबंध काफी मजबूत है और यह सम्बन्ध बना रहा है और आगे भी इसी तरह रहने की वांछा की। हमलोग के द्वारा जो इंट्रोडक्टरी के माध्यम से जो छोटी-छोटी कर्मचारियों की समस्या सामने लायी जाती है उसको संज्ञान में लेते हुए उसपर नियम संगत कार्रवाई की जानी चाहिए। हमलोगों को रनिंग कर्मचारियों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आजकल जोड़ की घटनाओं पर काफी सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। उन सेमिनारों में काफी सारे उपाय बताये जाते हैं कि कर्मचारियों को कार्य कैसे सम्पादित करना है। सेमिनार में कर्मचारियों को भी बोलने का ज्यादा से ज्यादा मौका दिया जाना चाहिए, ताकि वे अपनी समस्याओं से अवगत करा सकें कि उन्हें ट्रेन परिचालन में क्या समस्या आ रही है। हमलोग को यह हमेशा प्रयास करना चाहिए कि रनिंग कर्मचारियों को उनको मिलने वाला आराम समय से मिले। स्थानांतरण पदस्थापना में उनके द्वारा दिये गये अनुरोध का ख्याल रखा जाए। अभी वर्तमान में कई चालकों को मोबाइल कट्रोल करने से नहीं करने पर चार्जशीट दिया जा रहा है। गाड़ियों को चलाते समय ड्राइवर से कोई बात नहीं किया जाना चाहिए, परन्तु उनसे कोई न कोई बात करता है, जो अनुचित है। वर्तमान परिदृश्य में अभी सभी चालकों को यह निर्देश है कि इमरजेन्सी ब्रेक पर हमेशा हाथ रखा जाए, जो कि बिल्कुल अव्यावहारिक है। यदि कोई चालक झुककर हमेशा इमरजेन्सी ब्रेक पर हाथ रखेगा तो उससे सिग्नल ओवरलुक होने की संभावना प्रबल हो जायेगी। यूनियन के तरफ से बहुत सारे मुद्दे इंट्रोडक्टरी एवं मदों के माध्यम से प्रशासन के संज्ञान में लाये जाते है और प्रशासन के आश्वासन के बाद उसे बंद कर दिया जाता है। परन्तु उन मदों पर कार्य नहीं होता है, उसी प्रकार के मुद्दे को मैं प्रशासन के समक्ष संज्ञान में आज ला रहा हू जो निम्नलिखित है:

- हाजीपुर में स्थित डी0जी0 सेट जो स्टैण्ड बाई में है वह खराब है। जो डीजी सेट कार्यरत है यदि वह खराब हो जाये तो पूरा हाजीपुर स्टेशन अंधकारमय हो जायेगा। प्रशासन द्वारा बताया गया कि उसकी मरम्मत की प्रक्रिया चल रही है। परन्तु अभी तक वहां स्टैण्ड बाई डीजी सेट की मरम्मती का कार्य पूरा नहीं हुआ है।
- मुजफ्फरपुर में नये यार्ड में 19, 20 एवं 21 स्टेबलिंग लाइन बना है। यह लाइन रिमोट एरिया से जुड़ा है। अतः इसके घेराबंदी का बाउन्ड्री वाल कराया जाये एवं उस जगह समुचित साफ–सफाई की व्यवस्था लगातार सुनिश्चित होनी चाहिए तथा वहां प्रकाश की व्यवस्था की जाए।
- टीआरडी विभाग में जंगल कटाई का कार्य के लिए कांट्रेक्ट किया गया है। इसके बावजूद भी इस तरह के कार्य कर्मचारियों से कराये जा रहे हैं, यह अनुचित है।
- टीआरडी विभाग का ओ0टी0 2019 से लंबित है। बार–बार प्रशासन को संज्ञान में लाने के बावजूद लगभग 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों को उसका भुगतान नहीं हुआ है।

मकाधि (प्रभारी) का संबोधन: पीएनएम की बैठक में मदों पर चर्चा करने से पूर्व कर्मचारी कल्याण की दिशा में कार्मिक विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष में किए गए उल्लेखनीय कार्यों यथा– पदोन्नति, वित्तीय उन्नयन, कर्मचारी परिवाद, स्थापनात्मक जटिलताओं को दूर करते हुए पारदर्शी कार्य प्रणाली हेतु कार्य पद्धति अपनाए जाए हेतु नीति निर्धारण, अन्य कर्मचारी कल्याण सुविधा, आदि को पावर प्वाइंट के माध्यम से दिखाया गया। साथ ही, मदों पर चर्चा की शुरूआत की गई।

क्रमांक	1	सोनपुर मंडल में लोको पायलट शंटर का लगभग 105 पद स्वीकृत है जबकि सिर्फ 05 ही लोको पायलट शंटर उपलब्ध है। शंटिंग का कार्य वरीय सलोपा से लिया जाता है परंतु उनको पदोन्नति नहीं दिया जा रहा है। साथ ही मेमू/डेमू रैक का शंटिंग लोको पायलट शंटर या लोको पायलट से कराने का नियम है परंतु इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। अतः संघ मॉंग करती है कि अविलम्ब लोको पायलट शंटर के रिक्त पदों को पदोन्नति देकर भरा जाए एवं नियमानुसार शंटिंग का कार्य करवाया जाए।		
मद सं0	02/21			
सम्बद्ध	DPO(IC)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		लोको पायलट शंटर–I लेवल 06 में पदोन्नति हेतु निचले ग्रेड में उपलब्ध 05 कर्मचारियों की सुयोग्यता जाँच हेतु मिसिल विभागीय अधिकारी वमंविई (टीआरओ) के सक्षम प्रस्तुत है। विदित हो कि लोपा–माल के प्रोफार्मा पदोन्नति हेतु सुयोग्यता जाँच में प्रसलोपा लेवल 04 के कर्मचारी उपयुक्त घोषित है एवं उन्हे प्रोफार्मा पदोन्नति पर वेतन निर्धारण किया जा चुका है। पदोन्नति हेतु अनिवार्य criteria fulfill का प्रमाण पत्र विभाग से प्राप्त होने के उपरान्त पदोन्नति का वास्तविक लाभ प्रदान करने हेतु प्रकिया की जानी है। विभाग द्वारा लोको शंटर–II लेवल 04 में पदोन्नति हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम कार्यावाही की जाएगी।	कार्मिक विभाग एवं टीआरओ विभाग समीक्षा करें।	कार्मिक विभाग एवं टीआरओ विभाग समीक्षा कर अगले पीएनएम से पूर्व इसे पूरा किया जाये।

क्रमांक	2	विषयः SPART में क्रू बुकिंग के संबंध में। सोनपुर लॉबी में SPART में एक ही सेट क्रू को लगातार तीन चार दिन तक बुक किया जाता है। जिससे वे कर्मचारी 24 घंटे काफी तनाव में रहते है जो रनिंग संवर्ग के कर्मचारियों के लिए नियमानुसार उचित नहीं है। अतः संघ मॉंग करती है कि शिफ्ट के अनुसार अलग–अलग क्रू बुकिंग किया जाए।		
मद सं0	03/21			
सम्बद्ध	Sr.DEE (TRO)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		वर्तमान में सोनपुर लॉबी में SPART हेतु अलग से किसी क्रु की बुकिंग नहीं की जा रही है तथा प्रत्येक शिफ्ट में एक Dual प्रशिक्षित लोको पायलट का शंटिंग मे बुकिंग किया जा रहा है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनसे SPART का कार्य कराया जा सके।	समीक्षा की जाए।	जो भी कर्मचारी ड्यूअल ट्रेनिंग में है, उनको SPART में पारी वाइज लगाया जाये।

क्रमांक	3	नारायणपुर अनंत में कोई नाला नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में जल जमाव हो जाता है। वहाँ महीनों तक वैसा ही जल जमाव रहता है जिससे कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतः ऐसे नालों का निर्माण किया जाए एवं जल जिसकी निकासी ऐसे जगह किये जाए कि जलजमाव न हो ।		
मद सं0	17/21			
सम्बद्ध	Sr.DEN (C)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		स्थल का सर्वेक्षण कर लिया गया है। यह कार्य दिनांक 31–05–2023 तक पूरा करा लिया जाएगा।	यथावत। स्केच अनुमोदित कराकर कार्य कराया जाए।	यथावत। शीघ्रतापूर्वक किया जाये।

क्रमांक	4	उक्त खण्ड में किसी भी स्टेशन पर Relieving Lodge की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे परिचालन विभाग के कर्मचारियों को काफी असुविधा होती है। अतः संघ ये मॉग करती है कि उक्त खण्ड के सभी स्टेशनों पर Relieving Lodge की सुविधा यथाशीघ्र उपलब्ध करायी जाए। प्राथमिकता पर सोनपुर एवं दिघवारा में की जा सकती है।		
मद सं0	21/21			
सम्बद्ध	Sr.DEN (C)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		पिछले बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार परिचालन विभाग के द्वारा इसकी सूची इंजीनियरिंग विभाग को उपलब्ध नहीं करायी गयी है।	परिचालन विभाग के द्वारा पूर्व में लिए गये निर्णय के आलोक में कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए इसकी सूची इंजीनियरिंग विभाग को दी जाए।	यथावत। अगले पीएनएम के पूर्व कर लिया जाये।

क्रमांक	5	सोनपुर यार्ड से डेमू शेड के लाईनों में लाईटिंग की व्यवस्था के संबध में । सोनपुर यार्ड से डेमू शेड में शंटिंग के दौरान 11 से 18 न0 लाईन पर बिजली की व्यवस्था नहीं रहने से अंधरे में शंटिंग का कार्य करना पड़ता है जबकि 45 रेकों का मेन्टेन्स होता है। इससे कार्य करने में काफी परेशानी होती है। अतः संघ मॉग करती है कि इन लाईनों के बीच विघुत की व्यवस्था किया जाय		
मद सं0	13/22			
सम्बद्ध	DEE (IC)/G	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		सोनपुर यार्ड से डेमू शेड में लाइन सं0 11–18 में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु 01 अदद 20 मीटर ऊंचा हाई मास्ट टावर लाइट लगाने हेतु कार्य से संबंधित प्रस्ताव सीसेई/विद्युत पावर, सोनपुर द्वारा दिनांक 10.11.22 को प्राप्त हुआ है। उपरोक्त कार्य फण्ड उपलब्ध होते ही करा दिया जाएगा। वर्तमान में 02 अदद 200 वाट क्षमता का एलएडी लाइट फीटिंग शेड में पूर्व दिशा के तरफ लगा कर प्रकाश की व्यवस्था कर दी गई है।	वमविइ/सं0 वहां निरीक्षण करें तथा जहां critical location है वहां पर हाई मास्ट लगने तक प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध करायें।	मद बंद।

क्रमांक	6	1. विद्युत लोको शेड/बरौनी में सेफ्टी शू की आपूर्ति वर्ष 2019 से नहीं हुआ है। 2. शेड में टूल का भी अभाव है जिससे कार्य प्रभावित होता है। अतः टूल की समुचित व्यवस्था किया जाए। 3. हैन्ड क्राफ्ट नही है। इसकी उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय।		
मद सं0	08/22 (a)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
सम्बद्ध	Sr.DEE(TRS)	1. फर्म को पुनः दिनांक 07.02.2023 को चेज किया गया है, जिसके अनुसार मेटेरियल की शीघ्र ही आपूर्ति की जाएगी । 2. टूल की आपूर्ति हेतु मांग पत्र AMM/GHZ को भेजा गया, जिसके उपरांत अधिकांश टूल्स आ चुका है तथा कुछ लंबित टूल्स की शीघ्र ही आपूर्ति की जाएगी । 3. हैण्ड गल्पस की आपूर्ति हो चुकी है ।	यथावत। उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए।	सभी कर्मचारियों को आपूर्ति सुनिश्चित करने के शर्त पर मद बन्द।

क्रमांक	7	लैब कार्य के लिए अभी तक सीएमएस की नियुक्ति नही हो पाई है।		
मद सं0	08/22 (d)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
सम्बद्ध	Sr.DEE(TRS)	विद्युत लोको शेड/बरौनी में लैब कार्य के लिए सीएमएस की नियुक्ति हेतु आरआरसी से बहाली प्रकिया करने के लिए पत्र दिनांक 03.06.2021 को मरेप्र(का)/सोनपुर को दिया गया है तथा वर्तमान समय में लैब कार्य की जरूरत होने पर सीएमएस डीजल शेड/समस्तीपुर को बुलाकर यूएसटी का कार्य करवाया जाता है।	यथावत	सीधी भर्ती कोटे से नियुक्ति के अतिरिक्त मुख्यालय से पदस्थापना हेतु अनुरोध की जाए।

क्रमांक	8	अभी तक कर्मचारियों की संख्या 200 से अधिक हो गयी है किन्तु रेल आवास मात्र 36 है। रेल आवास की समुचित व्यवस्था किया जाय। आर0पी0एस0एफ0 के खाली आवासों को अगर शेड को दे दिया जाय तो समस्या का समाधान हो जाता ।		
मद सं0	08/22 (e)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
सम्बद्ध	Sr.DEN(C)	विद्युत लोको शेड, बरौनी में कर्मचारियों की संख्या को देखते हुए रेल आवास टाइप–।। के 100 आवास एवं टाइप–।।। के 40 आवास की व्यवस्था हेतु पत्र ईएलएस/बीजेयू/104 दिनांक 09.05.2022 को वमई(स0)/सोनपुर को भेजा जा चुका है।	यथावत	टीआरएस द्वारा नये आवास के लिए प्रस्ताव दिया जाये। इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पुराने आवास की मरम्मती सुनिश्चित की जाए।

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>9</td><td colspan="3" rowspan="2">गेटों पर जो ट्राई कलर टॉर्च दिये गये है, उसकी गुणवत्ता सही नही है एवं बैट्री भी तुरंत समाप्त हो जाता है ।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>04/22 (a)</td></tr>
<tr><td rowspan="3">सम्बद्ध</td><td rowspan="3">Sr.DOM</td><td colspan="3">अद्यतन अभियुक्ति</td></tr>
<tr><td></td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>ट्राई कलर टॉर्च एक स्टॉक आईटम है एवं इसका Specifications & design RDSO द्वारा निर्धारित किया जाता है। इस संबंध में मुख्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि इसके Alternate के रूप में Modified Eveready Tri-color torch का उपयोग भी किया जा सकता है। इस संबंध में Local purchase हेतु मुख्यालय/हाजीपुर को मिसिल प्रेषित किया गया है, आदेश अपेक्षित है।</td><td>परिचालन विभाग में स्थानांतरित किया जाए।</td><td>गार्ड एवं लोको पायलट को दी जाने वाली बैटरी एलाउंस के समानांतर गेटमैन को बैटरी एलाउंस की व्यवस्था पर नियमानुसार विचार किया जाये।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>10</td><td colspan="3" rowspan="2">मार्च 2022 के बाद अग्रदेय राशि परिचालन विभाग के पर्यवेक्षको को नहीं दिया गया है, जबकि भाउचर समय पर जमा कर दिया गया है। अतः यह संघ मॉग करती है कि उक्त राशि का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाय ताकि स्टेशनों पर स्टेशनरी की आपूर्ति के साथ कागजातों का उचित रख–रखाव किया जा सके।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>08/22</td></tr>
<tr><td rowspan="3">सम्बद्ध</td><td rowspan="3">Sr.DOM</td><td colspan="3">अद्यतन अभियुक्ति</td></tr>
<tr><td></td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>इस संबंध में सूचित करना है कि इस मद में वर्ष 2022–23 के लिए निधि जनवरी 2023 में उपलब्ध हुआ है, नियमानुसार सभी अग्रदेय राशि का भुगतान किया जायेगा।</td><td>संबंधित शाखाधिकारी तथा वमविप्र/सोन इसकी समीक्षा करें।</td><td>निधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बजट की समुचित मांग की जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>11</td><td colspan="3" rowspan="2">लोको शेड बरौनी में कांटावाला के बिना ही शंटिंग का कार्य किया जा रहा है। अतः कांटावाला का यथाशीघ्र परिचालन विभाग के द्वारा पदस्थापना किया जाए।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>8/22 (g)</td></tr>
<tr><td rowspan="3">सम्बद्ध</td><td rowspan="3">Sr.DOM</td><td colspan="3">अद्यतन अभियुक्ति</td></tr>
<tr><td></td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>इस संबंध में स्टेधी/बरौनी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, कि लोको शेड के मांग के अनुरूप कांटावाला उपलब्ध कराया जाए।</td><td>यथावत।</td><td>सेपरेट मैन पावर की व्यवस्था की जाए।</td></tr>
</table>

क्रमांक	12	मंडल के लगभग सभी गेटों एवं स्टेशनों पर कार्यरत गुप डी कर्मचारी को EI रोस्टर में कार्य करना पड़ता है जबकि गाड़ियों की संख्या को देखते हुए उनसे ड्यूटी Continuous रोस्टर में कार्य लिया जाना चाहिए। अतः संघ यह मांग करती है कि यथाशीघ्र EI को समाप्त कर Continuous रोस्टर लागू किया जाय।		
मद सं0	12/22			
सम्बद्ध	Sr.DOM	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		इस संबंध में सूचित करना है कि वर्तमान में सोनपुर मंडल के सभी रोड साईड स्टेशनों पर कार्यरत गुप–डी संवर्ग के कर्मचारियों का वर्तमान ड्यूटी रोस्टर वर्गीकरण परिवर्तन किये जाने (From Essential Intermittent to Continuous Roster) हेतु कार्मिक, परिचालन एंव लेखा के द्वारा Job Analysis प्रक्रियाधीन है।	संबंधित शाखाधिकारी इसकी समीक्षा करें।	मद बंद।

क्रमांक	13	सोनपुर मंडल के गाड़ी मैनेजर मुख्यतः एनईआर एवं एनएफआर के क्रमशः– छपरा, बनारस, गोरखपुर एवं कटिहार प्वाईन्ट पर गाड़ी लेकर जाते है। उन दोनों रेलवे में लाईन बॉक्स बंद कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सोनपुर मंडल के गाड़ी मैनेजर को वहॉं लाईन बॉक्स लेकर गाड़ी कार्य करते हुए जाने में काफी असुविधा होती है। अतः संघ मॉंग करती है कि उन दोनों रेलवे से बात कर समस्या का निदान किया जाय ताकि गाड़ी मैनेजर अपने संरक्षा उपकरणों के साथ गाड़ी परिचालन का कार्य सुचारू रूप से कर सके।		
मद सं0	16/22			
सम्बद्ध	Sr.DOM	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		इस संबंध में मुख्य परिचालन प्रबंधक (सामान्य)/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर को दिनांक 23.01.2023 को पत्र लिखा गया है, क्योकि यह नीतिगत मामला है। इस संबंध में मुख्यालय स्तर पर निर्णय अपेक्षित है।	इसकी समीक्षा कर नियमानुसार कार्यवाही की जाए।	यथावत। शीघ्रतापूर्वक मामले का निष्पादन किया जाए।

क्रमांक	14	पूर्वा निवास पार्सल कॉलोनी में रहने वाले कुछ आवासों को खाली करने का नोटिस दिया गया है जबकि उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किया गया है। अतः संघ यह माँग करती है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये उन आवासों को खाली न करवाया जाय।
मद सं0	17/22	
सम्बद्ध	Sr.DOM	

अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
इस संबंध में सूचित करना है कि पार्सल कॉलोनी स्थित आवास संख्या T/46A, T/46B, T/46C, T/46D कर्मचारी द्वारा खाली कर दिया गया है. स्टेशी/मुजफ्फरपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि वैकल्पिक व्यवस्था के अनुपालन में दो कर्मचारी को आवास आवंटित कर दिया गया है, एक कर्मचारी को HRA हेतु अनुमोदित किया गया है तथा एक कर्मचारी का स्थानांतरण बरौनी हो गया है।	समस्या संतोष से निष्पादित किया गया कि क्या सूचित के जो आवास खाली कराये जा रहे हैं या जो भी आवास खाली है उनको उपलब्ध कराया जाय। यदि एकतरफा किया जाता है तो रद्द किया जाय।	मद बंद।

क्रमांक	15	तेघड़ा स्टेशन पर परिचालन विभाग के कर्मचारी पर कार्य का अत्यधिक दबाव है। जो निम्न है– 1. 24 घंण्टा में औसतन 140 से 150 गाड़ियों का परिचालन होता है एवं तेघड़ा स्टेशन के अधीन का इन्जीनियर मेट से मिली संख्या का आदान प्रदान करना पड़ता है। 2. तेघड़ा स्टेशन के दोनों एंड तेघड़ा –बरौनी एवं तेघड़ा बछवाड़ा आईबीपी सिग्नल लगा हुआ है जिसका संचालन तेघड़ा में कार्यरत स्टेमा को ही करना पड़ता है। 3. प्रति दिन 400 से 500 के बीच यूटीएस टिकट की बिक्री होती है जिसमें 06–14 बजे बुकिंग क्लर्क की नियुक्ति की गई है 14–06 बजे तक यानि दो पाली में कार्यरत स्टेमा को ही टिकट बेचना पड़ता है। – मद बन्द। 4. तेघड़ा में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की घोर कमी है। 30 प्रतिशत पद रिक्त है। जिससे कर्मचारियों को विश्राम एवं अवकाश देने में काफी परेशानी होता है। जिसमें से दो कर्मचारी को नियंत्रण कार्यालय में रखा गया है। 5. एक स्टेशी एवं तीन स्टेमा की नियुक्ति है अगर कोई स्टेमा पुनश्चर्या या अवकाश में जाता है तो उसके स्थान पर किसी स्टेमा को नहीं भेजा जाता है, जिससे उसे विश्राम नहीं मिल पाता है। अतः संघ माँग करती है कि तेघड़ा में कार्य का मूल्यांकन किया जाय एवं मूल्यांकन उपरान्त प्रति पाली में दो स्टेमा एवं दो काँटावाला की नियुक्ति किया जाय। ताकि तेघड़ा में सुरक्षित एवं संरक्षित गाड़ियों का परिचालन किया जा सके।
मद सं0	22/22	
सम्बद्ध	Sr.DOM Sr.DCM	

अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
1 एवं 2 के संबंध में सूचित करना है कि तेघड़ा स्टेशन पर स्टेशन मास्टर संवर्ग के कार्य का Job Analysis किये बिना इसे लागू करना संभव नहीं है। इस संबंध में कार्मिक विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है, ताकि Job Analysis शीघ्र कराकर इस माँग को पूरा किया जा सके।	यथावत।	Job Analysis शीघ्र करा कर उसी अनुसार पदस्थापना की जाये। मद बन्द।

		3. सभी पाली में बुकिंग क्लर्क की नियुक्ति हेतु वाणिज्य विभाग को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है। 4. वर्तमान में ग्रुप 'डी" संवर्ग में कुल 110 रिक्तियाँ चल रही है। नये कर्मचारी आने पर प्राथमिकता के आधार पर इस स्टेशन पर पदस्थापित कर दिया जाएगा। 5. बी0ओ0एस–III/01.04.2022 के अनुसार स्टेमा संवर्ग में कुल 06 स्वीकृत पद के आलोक में 04 कर्मचारी कार्यरत है। इस रिक्ति को यथाशीघ्र भरा जायेगा।		

क्रमांक	16	रेलवे बोर्ड के पत्रांक सं–2010/TG-V/10 committee.दिनांक–16.12.2010 के अनुसार स्क्वाड में कार्य करने वाले टीटीई की संख्या स्टॉक ऑन रॉल के 7% ज्यादा नहीं होना चाहिए जो कि सोनपुर मंडल में इस पत्र का घोर उल्लंघन हो रहा है। वर्तमान में इस मंडल में स्टाफ ऑन रॉल 305 है जिसका 7 प्रतिशत की संख्या 20 होती है लेकिन वर्तमान में पूरे मंडल में स्क्वाड में कार्य करने के लिए शयनयान यूनिट बरौनी,मुज0 और सोनपुर में टीटीई की संख्या काफी कम है। बरौनी शयनयान में 1+1 और मुज0 शयनयान में 1+2 से काम कराया जा रहा है जो कि रेलवे बोर्ड के पत्रांक– 07/TG-V/13/3 दिनांक– 14.03. 2014 का घोर उल्लंघन है जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि एसी 2T/AC First/ac3T के लिए 5 कोच पर एक कंडक्टर और स्लीपर के तीन कोच के लिए एक टीटीई को कार्य करना है।अतः संघ माँग करती है कि स्क्वाड के टीटीई की संख्या को कम करके शयनयान में बढ़ाया जाय ताकि प्रत्येक बैच में 1+4 की टीटीई की संख्या हो।		
मद सं0	21/22			
सम्बद्ध	Sr.DCM	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		पदोन्नति की कार्यवाही कार्मिक विभाग द्वारा की जानी है। कार्मिक विभाग– यह मद कर्मचारियों के पदोन्नति से संबंधित नही है। मद में वर्णित रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार कारवाई वाणिज्य विभाग द्वारा किया जाना है।	पदोन्नति पर जल्द कार्रवाई करते हुए स्लीपर यूनिट में पदस्थापना की जाए।	मद बंद।

क्रमांक	17	वर्तमान में मुजफ्फरपुर शयनयान यूनिट में 22 लिंक डायग्राम है जिसमें मुख्य टिकट निरीक्षक जो कंडक्टर के रूप में कार्य करते हैं, उनकी संख्या 21 है जिसमें एक प्रभारी है तो 2 मुटिनि की कमी है जबकि अनावश्यक रूप से तीन मुटिनि को स्टेटिक यूनिट में कार्य कराया जा रहा है। अतः संघ मॉग करती है कि स्टेटिक में एक वरीय मुटिनि को प्रभारी के रूप में छोड़कर अन्य दो को कंडक्टर के रूप में कार्य कराया जाय।		
मद सं0	22/22			
सम्बद्ध	Sr.DCM	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		End का कार्य प्रणाली में आवश्यक सुधार एवं आउट सोर्स एजेन्सी को अच्छे प्रदर्शन के लिए मंडल से सामंजस्य बनाई गई है तथा अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे है। इसका सीधा मॉनिटरिंग अधिकारी स्तर पर की जा रही है। यात्री विश्रामालय का सुविधा में विस्तार एवं आउट सोर्स प्रक्रिया की जा रही है। शीघ्र इस सुविधा में विस्तार कर लिया जाएगा।	यथावत।	मद बंद।

क्रमांक	18	शेड में विद्युत संचालन बाधित हाने पर रात्रि ड्यूटी करने में कर्मचारियों को परेशानी होती है, लाईट का कोई प्रबंध नहीं किया गया है।		
मद सं0	08/22 (c)			
सम्बद्ध	Sr.DEE(G)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		विद्युत संचालन बाधित होने पर पावर हाउस/गढ़हरा को शेड में डीजी शेट चलाने हेतु सूचना दी जाती है, जहाँ से कर्मचारी आकर डीजी शेट चलाते हैं।	यथावत	डीजी सेट का पुर्नवितरण सुनिश्चित किया जावे।

क्रमांक	19	सोनपुर मंडल के सभी समपार पर प्रकाश एवं पंखा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।		
मद सं0	04/22(b)			
सम्बद्ध	DEE (IC)/G	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		सोनपुर मंडल के सभी गेटों पर प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध है। कुछ गेटों पर पंखा लगा दिया गया है तथा कुछ गेटों पर पंखा नही लगा है। जिस गेट पर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पंखा लटकाने के लिए हुक नही लगाया गया है, वहाँ पंखा नही लगा है। जहां पंखा की व्यवस्था नही है, उस गेट पर पंखा लगाने की कार्यवाही प्रारम्भ है। इस संबंध में संबंधित सीसेई (कार्य) को हुक लगाने हेतु पत्र लिखा गया है।	सर्व संबंधित शाखाधिकारी गेट पर मूलभूत सुविधा की अद्यतन स्थिति साप्ताहिक बैठक में प्रस्तुत करें।	एक माह के भीतर सभी गेटों पर पंखा लगाना सुनिश्चित किया जाये।

क्रमांक	20	ऐसा देखा जा रहा है कि लम्बे समय से सलोपा एवं चलोपा की पदोन्नति नहीं की जा रही है। इसके अतिरिक्त लगातार दू मंडलों से आये कर्मचारियों की पदस्थापना सोनपुर लॉबी में की जा रही है ऐसे कर्मचारियों की संख्या 30 से अधिक है जब बरौनी एवं मुज0 से सोनपुर स्थानान्तरण के लिए लम्बी प्रतीक्षा सूची है। प्रतीक्षानुसार कर्मचारियों की पदस्थापना प्राथमिकता आधार पर किया जाय जिससे कर्मचारियों में उत्पन्न असंतोष को दूर किया जा सके।		
मद सं0	06/22			
सम्बद्ध	Sr.DEE (TRO)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		कार्मिक विभाग– कार्यालय आदेश सं0–1149/2022 दि0–29.12. 2022 द्वारा कुल–153 सलोपालेवल–02 के कर्मचारियों को प्रसलोपा लेवल–04 में पदोन्नति आदेश जारी किया जा चुका है।	पदोन्नति पर स्टेशन स्थानांतरण पर भेजा जाना चाहिए। प्राथमिकता पंजिका का निस्तारण किया जाए।	इसके लिये जो दिशा निर्देश लागू है अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। मद बंद।

क्रमांक	21	एक तरफ लगातार सफाई कर्मचारियों का पद समाप्त किया जा रहा है परंतु सफाई की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है जिससे रेल कर्मचारियों के आवासों (कॉलोनियों) का सफाई सही से नहीं हो रहा है। अतः संघ मॉग करती है कि कॉलोनी की साफ सफाई की उचित व्यवस्था किया जाय।		
मद सं0	04/22			
सम्बद्ध	CMS	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		सभी रेलवे कॉलोनियों के सफाई का कार्य आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाना है। आउटसोर्सिंग हेतु निविदा का प्रकाशन जीईएम पोर्टल के माध्यम से किया गया है। इस कार्य को फरवरी 2023 या मार्च 2023 तक करा लिया जायेगा।	यथावत।	आउटसोर्सिंग प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित किया जाये।

क्रमांक	22	मुज0 जं0 एवं उसके आसपास के कर्मचारियों का पी0एम0ई0 पहले मुज0 में होता था जो विगत कुछ दिनों से बंद हो गया है। अतः संघ मॉग करती है कि मुज0 स्थित रेलवे अस्पताल में पुनः पीएमई की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे कर्मचारी परेशान होने से बच सकें।		
मद सं0	15/22			
सम्बद्ध	CMS	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		पी0एम0ई0 का कार्य Sensetive है। इस कार्य को पूर्व में डा0 एस0 चौधरी, वमचिधि/मुज0 द्वारा किया जा रहा था। इनका कार्य अवधि 04 वर्ष से अधिक हो जाने के कारण यह कार्य इनके द्वारा नही किया जा रहा है। इस कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था किया जा रहा है।	यथावत।	मद बंद।

क्रमांक	23	विद्युत लोको शेड में कार्यरत अभियंता श्री निशिकांत चौधरी का **MACP** वर्ष 2020 से आवेदन देने के बाद भी लाभ नहीं दिया गया है।		
मद सं0	8/22 (i)			
सम्बद्ध	DPO(IC)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		श्री निशिकांत चौधरी, एसएसई/टीआरएस एवं अन्य कर्मचारी के पक्ष में एमएसीपी का लाभ प्रदान किये जाने हेतु मिसिल सुयोग्यता जॉच समिति के पास प्रस्तुत है।**(comp.-208825)**	कार्मिक विभाग में मद को स्थानांतरित किया जाए। यथावत।	मद बंद।

क्रमांक	24	विधुत लोको शेड का कैडर क्लोज हुए एक माह से ज्यादा हो चुका है किन्तु अभी तक वरीयता सूची जारी नही किया गया है जिससे कर्मचारियों की पदोन्नति में विलंब हो रहा है ।		
मद सं0	8/22 (j)			
सम्बद्ध	DPO(IC)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		विधिक्षित बीओएस के अनुसार उपलब्ध रिक्ति के अनुसार विधुत लोको शेड/बरौनी के कर्मचारियों की पदो0 की प्रकिया चयन कैलेण्डर के अनुरूप शुरू की गई है। जल्द ही प्रात्र कर्मचारियों की पदोन्नति का लाभ प्राप्त हो जायेगा।	कार्मिक विभाग में मद को स्थानांतरित किया जाए। यथावत।	यथावत।

क्रमांक	25	आर0बी0ई0 – 74/2022 दिनांक– 1.07.2022 में दिव्यांग कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने का आदेश जारी हुआ है जिससे शीघ्र लागू किया जाय।		
मद सं0	02/22 (a)			
सम्बद्ध	DPO(IC)	अद्यतन अभियुक्ति	पिछले बैठक का निर्णय	निर्णय
		वर्ष–2023 में पदोन्नति हेतु चयन कैलेण्डर जारी कर दिया गया है। उक्त पदोन्नति में आर0बी0ई0 – 74/2022 दिनांक–01.07.2022 के आलोक में दिये गये दिशा–निर्देश का अनुपालन किया जा रहा है।	यथावत।	मद बंद।

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>26</td><td colspan="3" rowspan="2">रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार कुछ कर्मचारी एन0पी0एस0 से ओ0 पी0 एस0 में आये है। इनका नवम्बर 2020 से एनपीएस ख
बंद होकर पीएफ खाता में पैसा स्थानान्तरण होना था परंतु लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक यह कार्य संभव न
